## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 15.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. हजारीबाग के टाटीझरिया में आज हुई मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी समेत तीन शीर्ष नक्सली ढेर, हथियार बरामद, इलाके मे सर्च अभियान जारी।
2. देवघर के चौपा जंगल से चार साइबर अपराधी रंगेहाथ गिरफ्तार, गिरिडीह में स्प्रीट के अवैध धंधे का खुलासा, 5 गिरफ्तार।
3. इंजीनियर दिवस पर भारत रत्न एम. विश्वेश्वरैया को प्रधानमंत्री, केन्द्रीय गृह मंत्री के साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि, प्रदेश में कई कार्यक्रम।
4. आयकर रिटर्न दाखिल करने की आज अंतिम तारीख , विभाग ने 30 सितंबर तक आखिरी तिथि बढ़ाने की फर्जी खबर का किया खंडन ।
5. और रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त, त्यौहार के मौसम में मूर्तिकारों की बढ़ी परेशानी।

****************

हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र के पाती पिरी में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड में तीन शीर्ष नक्सली मारे गए हैं। जिसमें एक करोड़ का इनामी सहदेव सोरेन, 25 लाख रुपए का इनामी रघुनाथ हेंब्रम और 10 लाख रुपए का इनामी बीरसेन गंझू उर्फ रामखेलावन शामिल है। पुलिस ने नक्सलियों के पास से एके–47 जैसे घातक हथियार भी बरामद किया । दो सौ 9 कोबरा और हज़ारीबाग़ पुलिस की संयुक्त टीम को यह सफलता मिली ।. ऑपरेशन के बाद पूरे क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इस मुठभेड़ में दो सीआरपीएफ के जवान घायल हुए है । जिन्हें हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए लाया गया।.दोनों जवान खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं ।

****************

देवघर जिले में साइबर थाना की विशेष टीम ने मोहनपुर थाना क्षेत्र के चौपा जंगल से चार साइबर अपराधियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। ये सभी खुद को अधिकारी बताते हुए आम लोगों को झांसा देकर ठगी कर रहे थे।

****************

गिरिडीह जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र में बिहार उत्पाद विभाग ने एसटीएफ रांची और गिरिडीह पुलिस की संयुक्त छापेमारी में स्प्रीट के अवैध धंधे का खुलासा किया है। डुमरी के एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि इस मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज इंजीनियर दिवस पर भारत रत्न एम. विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि श्री विश्वेश्वरैया की प्रतिभा ने भारत के इंजीनियरिंग परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है। श्री मोदी ने उन सभी इंजीनियरों को भी हार्दिक बधाई दी, जो अपनी रचनात्मकता और दृढ़ संकल्प के माध्यम से नवाचार को आगे बढ़ा रहे हैं और विभिन्न क्षेत्रों में कठिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी अभियंता–दिवस पर राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान देने वाले सभी अभियंताओं को हार्दिक शुभकामनाए दी। रांची समेत राज्य भर में आज इस दौरान कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।

****************

सेवा और सुशासन, मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज सेवा पर्व की इस विशेष श्रृंखला में हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार पर्यावरण और जैव विविधता में सकारात्मक बदलाव लेकर आई है।

*****************

आकाशवाणी के रांची केन्द्र में आज हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन किया गया । इसमें बतौर मुख्य अतिथि भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक प्रेमरंजन अनिमेष शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हिंदी के प्रचार प्रसार में ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले समाचार की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि सहज और सरल तरीके से हिन्दी को लोगों तक पहुंचाने में इसकी अहम भूमिका है।

*****************

दूरदर्शन आज अपनी शानदार यात्रा के 66 वर्ष पूरे कर रहा है। भारत में 15 सितंबर 1959 में दूरदर्शन से प्रसारण युग का शुभारंभ हुआ था। पूर्व राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने आज के ही दिन पहले प्रसारण का उद्घाटन किया था।

*****************

आयकर रिटर्न दाखिल करने की आज अंतिम तारीख है। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित एक फर्जी खबर का खंडन किया है,जिसमें दावा किया गया था कि आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी गई है।

*****************

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस.यूपीआई ने आज से लेनदेन की सीमा को बढ़ा दिया है। इसके अंतर्गत व्यक्ति से व्यापारी उपयोगकर्ता अब एक ही दिन में 10 लाख रुपये तक के लेनदेन कर सकते हैं। हालाँकि व्यक्ति से व्यक्ति लेन.देन के लिए यूपीआई सीमा एक लाख रुपये बरकरार रहेगी।

*****************

आज दोपहर कारोबार में घरेलू शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी, नकारात्मक रूख के साथ स्थिर कारोबार कर रहे हैं। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 38 अंक गिरकर 81 हजार 867 पर जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 24 अंक गिरकर 25 हजार 90 पर कारोबार कर रहे थे।

*****************

आज दोपहर कारोबार में घरेलू शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी, नकारात्मक रुख के साथ स्थिर कारोबार कर रहे थे। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 38 अंक गिरकर 81 हज़ार 867 पर और निफ्टी 24 अंक गिरकर 25 हज़ार 90 पर कारोबार कर रहे थे।

*****************

कोडरमा जिले के सरकारी स्कूल के बच्चे भी निजी स्कूलों के बच्चों की तरह फराटेदार अंग्रेजी बोल सके, इसे लेकर जिले में 10 लैंग्वेज लैब स्थापित किए जाएंगे । विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*****************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक गरज के साथ भारी बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं लगातार बारिश से त्यौहार के मौसम में मूतिकारों की परेशानी भी बढ़ गई है।

*****************

कोच्चि में आयोजित एरोबिक जिमनास्टिक नेशनल चैंपियनशिप में झारखंड ने शानदार प्रदर्शन किया । इन खिलाड़ियों का रांची पहुंचने पर भव्य स्वागत किया । जिम्नास्टिक राष्ट्रीय चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल 21 पदक जीते ।